पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 02·06·2023	पृष्ठ सं० (Page No). 04	क्रम सं०(Serial No.) 03

सीआईएसएफ के तीन खोजी कैनाइन सेवानिवृत्त

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : सीआईएसएफ के तीन खोजी कैनाइन डीएमआरसी इकाई के रॉकी, रोमियो और सोनी आठ साल से अधिक की सेवा पूरी करने के बाद गुरुवार को सेवानिवृत्त हो गए। निःस्वार्थ कर्तव्य निभाने के लिए कैनाइन को सम्मानित किया गया। खराब स्वास्थ्य के कारण जर्मन शेफर्ड कैनाइन सोनी समारोह में भाग नहीं ले सका। इन सेवानिवृत्त कैनाइन को गोद लेने के लिए फ्रेंडिकोस-एसईसीए, दिल्ली को सौंप दिया जाएगा। वहीं समारोह में अतिथि के रूप में सीआईएसएफ यूनिट डीएमआरसी के डीआईजी जितेन्द्र राणा के साथ सीआईएसएफ और डीएमआरसी के कई अधिकारी शामिल हुए। बल के सहायक इंस्पेक्टर जनरल सह जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि इन तीनों कैनाइन को बुनियादी प्रशिक्षण लेने के बाद, इन्हें डीएमआरसी को बहु-आयामी खतरों से सुरक्षित रखने के विभिन्न आवश्यक कार्यों को करने के लिए तैनात किया गया था।